श्रृंगार साँवरिया का | By Tannu Tanveer

श्रृंगार सांवरिया लगे यह प्यारा है
देख कर प्यार से मुस्कुरा दीजिए

लगती काजल की कोर है काली घटा
मन को भाने लगी तेरी प्यारी छटा
है रूप तेरा प्यारा प्यारा जो मोह लेता है जग सारा
देख कर प्यार से मुस्कुरा दीजिए

चमके कानों में कुंडल दिनकर के
सारी लेलु बलाए मैं जी भर के
नजर कहीं ना लग जाए सोना सा मुखड़ा मन भाए
देख कर प्यार से मुस्कुरा दीजिए

न्यारा जग में तेरा यह श्रृंगार है
प्यारा फूलों में बैठा वह दातार है
माही को रूप तेरा भाए तनु तेरी महिमा गाए
देख कर प्यार से मुस्कुरा दीजिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%83%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-tannu-tanveer/